>

Title : Need to expedite the construction of railway line linking Lalitpur with Singrauli via Tikamgarh, Chhattarpur and Panna districts of Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ एवं छत्तरपुर जिला मुख्यालय देश की स्वतंत्रता की इतनी लम्बी समयावधि निकल जाने के बाद भी रेल लाइन की सुविधा से वंचित है तथा क्षेत्र की जनता को रेल से यात्रा करने 130 कि.मी. दूर झांसी जाना पड़ता है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ललितपुर सिंगरोली रेलवे लाइन की स्वीकृति दी गई थी, किंतु विगत् 5 वर्षों में रेलवे लाइन का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से हुआ है। इसके शीघ्र पूर्ण होने से रेलों का आवागमन प्रारंभ हो जायेगा तथा टीकमगढ़ छतरपुर पन्ना जिले के नागरिक भी रेलों से यात्रा कर सकेंगे।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि शीघ्रता से कार्यवाही कर ललितपुर-सिंगरौली वाया टीकमगढ़-छत्तरपुर-पन्ना इस ट्रेक की रेलवे लाइन का कार्य प्राथमिकता से कराने का सहयोग करें।